1. मई 2025 के अंत में, राजस्थान सरकार और भारत सरकार की किस पहल के अंतर्गत, राज्यव्यापी मॉक-ड्रिल (सहाभ्यास) आयोजित किए गए थे ?

(A) ऑपरेशन सेफगार्ड
(B) ऑपरेशन शेल्टर
(C) ऑपरेशन शील्ड
(D) ऑपरेशन रक्षक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

2. A तथा B मिलकर किसी काम को 20 दिन में कर सकते हैं, जबकि B तथा C मिलकर उसे 24 दिन में कर सकते हैं। यदि A, B तथा C मिलकर उसी काम को 16 दिन में कर सकते हैं, तो A तथा C मिलकर उसी काम को कितने दिन में कर लेंगे ?

(A) 30
(B) 32
(C) 34
(D) 28
(E) अनुत्तरित प्रश्न

3. राजस्थान और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा की कुल लंबाई लगभग है :

(A) 1070 किमी
(B) 970 किमी
(C) 1270 किमी
(D) 1170 किमी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

4. निम्नलिखित में से, किसने विख्यात राजस्थानी काव्य-संग्रह "पगफेरौ" की, रचना की थी ?

(A) मेघराज मुकुल
(B) सत्यप्रकाश जोशी
(C) गोर्धन सिंह शेखावत
(D) मणि मधुकर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

5. आपदा प्रबंधन चक्र में निम्नलिखित में से, कौन-सा चरण अंत में आता है ?

(A) पुनः प्राप्ति
(B) प्रतिक्रिया
(C) तैयारी
(D) रोकथाम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

1. Under which of the following initiatives of the Rajasthan Government and the Government of India, were state-wide mock-drills organized, in late May 2025 ?

(A) Operation Safeguard
(B) Operation Shelter
(C) Operation Shield
(D) Operation Rakshak
(E) Question not attempted

2. A and B together can do a work in 20 days, whereas B and C together can do it in 24 days. If A, B and C working together can do the same work in 16 days, then in how many days will A and C together do the same work ?

(A) 30
(B) 32
(C) 34
(D) 28
(E) Question not attempted

3. The total length of the international border between Rajasthan and Pakistan is approximately :

(A) 1070 km
(B) 970 km
(C) 1270 km
(D) 1170 km
(E) Question not attempted

4. Who among the following, composed the famous Rajasthani poetry collection "Pagfero" ?

(A) Meghraj Mukul
(B) Satyaprakash Joshi
(C) Gordhan Singh Shekhawat
(D) Mani Madhukar
(E) Question not attempted

5. In the disaster management cycle, which of the following stage, will come as the last stage ?

(A) Recovery
(B) Response
(C) Preparedness
(D) Mitigation
(E) Question not attempted

6. यदि (A + B) का 20% = (A – B) का 50%, तो A : B है :
(A) 3 : 2
(B) 5 : 2
(C) 8 : 3
(D) 7 : 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न

6. If 20% of (A + B) = 50% of (A – B) , then A : B is :
(A) 3 : 2
(B) 5 : 2
(C) 8 : 3
(D) 7 : 3
(E) Question not attempted

7. दिसंबर 2024 में, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (भारत में) किस टीम ने जीती ?
(A) दिल्ली
(B) गुजरात
(C) मुंबई
(D) तमिलनाडु
(E) अनुत्तरित प्रश्न

7. In December 2024, which team won the Syed Mushtaq Ali Trophy (in India) ?
(A) Delhi
(B) Gujarat
(C) Mumbai
(D) Tamil Nadu
(E) Question not attempted

8. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का लगभग कितना प्रतिशत है ?
(A) 7.8 प्रतिशत
(B) 10.4 प्रतिशत
(C) 14.1 प्रतिशत
(D) 5.3 प्रतिशत
(E) अनुत्तरित प्रश्न

8. Rajasthan constitutes approximately what percentage of the total area of India ?
(A) 7.8 percent
(B) 10.4 percent
(C) 14.1 percent
(D) 5.3 percent
(E) Question not attempted

9. भारतीय संविधान सभा द्वारा, भारत का संविधान, कब अपनाया गया था ?
(A) 26 जनवरी 1950
(B) 26 नवंबर 1947
(C) 26 नवंबर 1949
(D) 26 जनवरी 1947
(E) अनुत्तरित प्रश्न

9. The Constitution of India, was adopted by the Constituent Assembly of India on :
(A) 26 January 1950
(B) 26 November 1947
(C) 26 November 1949
(D) 26 January 1947
(E) Question not attempted

10. किसी धनराशि पर 8% वार्षिक दर से 3 वर्ष के चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज में अंतर ₹ 616 है। वह धनराशि ज्ञात करें।
(A) ₹ 24,000
(B) ₹ 31,250
(C) ₹ 62,500
(D) ₹ 22,500
(E) अनुत्तरित प्रश्न

10. The difference between compound interest and simple interest on a certain sum of money for 3 years at 8% per annum is ₹ 616. Find the sum.
(A) ₹ 24,000
(B) ₹ 31,250
(C) ₹ 62,500
(D) ₹ 22,500
(E) Question not attempted

11. निम्नलिखित में से, किस वाद्य-यंत्र को, 'तत् वाद्य' के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है ?
(A) ताशा
(B) रावणहत्था
(C) तुरही
(D) कंजीरा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

11. Which one of the following musical instruments can be classified as a 'Tat Vadya' ?
(A) Tasha
(B) Ravanhatha
(C) Turhi
(D) Kanjira
(E) Question not attempted

**12.** राजस्थान में, 'निरंजनी संप्रदाय' के संस्थापक कौन थे ?

(A) संत हरिदास
(B) मेहाजी मांगलिया
(C) मल्लिनाथजी
(D) पाबूजी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**13.**




दिया गया डेटा शहर X में 2017 में 6 महीनों के लिए बाइक और कुल वाहनों (हजारों में) का पंजीकरण दर्शाता है।

नोट : चार्ट में पहली संख्या बाइकों को दर्शाती है और दूसरी संख्या कुल वाहनों को दर्शाती है।

दिए गए आंकड़ों के आधार पर, जनवरी 2017 की तुलना में अप्रैल 2017 में बाइक के अलावा, वाहनों के पंजीकरण में कितनी वृद्धि हुई है ?

(A) 8050
(B) 9500
(C) 9000
(D) 8000
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**14.** 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान का शहरी लिंगानुपात कितना था ?

(A) 928 महिला/1000 पुरुष
(B) 933 महिला/1000 पुरुष
(C) 943 महिला/1000 पुरुष
(D) 914 महिला/1000 पुरुष
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द, भारत के संविधान की प्रस्तावना में नहीं पाया जाता है ?

(A) बंधुता
(B) स्वतंत्रता
(C) संघ
(D) गणराज्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**12.** Who was the founder of the "Niranjani sect" in Rajasthan ?

(A) Saint Haridas
(B) Mehaji Manglia
(C) Mallinathji
(D) Pabuji
(E) Question not attempted

**13.**




The given data shows the registration of bikes and total vehicles (in thousands) for 6 months in 2017 in City X.

Note : In the chart, the first number represents bikes and the second number represents total vehicles.

Based on the given data, the increase in the registration of vehicles other than bikes in April 2017 in comparison to Jan. 2017 is :

(A) 8050
(B) 9500
(C) 9000
(D) 8000
(E) Question not attempted

**14.** What was the urban sex ratio of Rajasthan as per the Census 2011 ?

(A) 928 female/1000 male
(B) 933 female/1000 male
(C) 943 female/1000 male
(D) 914 female/1000 male
(E) Question not attempted

**15.** Which of the following words is **not** found in the Preamble of the Constitution of India ?

(A) Fraternity
(B) Liberty
(C) Federation
(D) Republic
(E) Question not attempted

16. कंप्यूटर को स्पीकर जैसे ऑडियो आउटपुट डिवाइस से जोड़ने के लिए किस हार्डवेयर डिवाइस का उपयोग किया जाता है ?
(A) साउंड कार्ड
(B) ग्राफिक्स कार्ड
(C) एसएसडी
(D) एनआईसी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

16. Which hardware device is used for connecting a computer to audio output devices like speakers ?
(A) Sound Card
(B) Graphics Card
(C) SSD
(D) NIC
(E) Question not attempted

17. साधारण ब्याज पर कोई राशि 3 वर्ष में ₹ 50,806 तथा उसी दर से 5 वर्ष में ₹ 59,210 हो जाती है। वह राशि है :
(A) ₹ 38,200
(B) ₹ 38,360
(C) ₹ 39,400
(D) ₹ 38,100
(E) अनुत्तरित प्रश्न

17. On simple interest a certain sum becomes ₹ 50,806 in 3 years and ₹ 59,210 in 5 years at the same rate of interest. The sum is :
(A) ₹ 38,200
(B) ₹ 38,360
(C) ₹ 39,400
(D) ₹ 38,100
(E) Question not attempted

18. सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) के अंतर्गत, निम्नलिखित में से किस विषय से संबंधित जानकारी के प्रकटीकरण के दायित्व से छूट दी गई है ?
**सबसे उपयुक्त** उत्तर चुनें :
(A) ऐसी जानकारी जो भारत की एकता और संप्रभुता को खतरे में डाल सकती है
(B) सार्वजनिक कार्यालयों में नियुक्त अधिकारियों के अधिकार और कर्तव्य
(C) किसी सरकारी कार्यालय द्वारा रखे गए दस्तावेजों की श्रेणियाँ
(D) किसी निजी निगम के कार्यालय कर्मचारियों द्वारा प्राप्त मासिक वेतन
(E) अनुत्तरित प्रश्न

18. Under the RTI Act (2005), there is an exemption from the obligation of disclosure of information relating to which one of the following matters ? Choose the **most appropriate** answer :
(A) Information that may jeopardize the Integrity and Sovereignty of India
(B) Powers and duties of officers deputed within public offices
(C) Categories of documents held by a Government office
(D) Monthly remuneration received by office staff of a private corporation
(E) Question not attempted

19. निम्नलिखित में से, किसने राजस्थान से 'ब्लू पॉटरी' (नील-मृद्भांड) पर, अपनी चित्रकला के लिए, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त की ?
(A) बीरबल सिंह
(B) दयालदास
(C) कृपाल सिंह शेखावत
(D) कोमल कोठारी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

19. Who among the following, from Rajasthan, earned international acclaim for his portraiture on 'Blue Pottery' ?
(A) Birbal Singh
(B) Dayaldas
(C) Kripal Singh Shekhawat
(D) Komal Kothari
(E) Question not attempted

20. निम्नलिखित में से किस संत को, 'राजस्थान का कबीर' कहा जाता है ?
(A) लालदास
(B) जसनाथजी
(C) दादू दयाल
(D) धन्ना भगत
(E) अनुत्तरित प्रश्न

20. Which one of the following saints, is known as the 'Kabir of Rajasthan' ?
(A) Laldas
(B) Jasnathji
(C) Dadu Dayal
(D) Dhanna Bhagat
(E) Question not attempted

21. जोधपुर की, निम्नलिखित में से किस लोक नृत्य शैली में महिलाएँ सिर पर जलते हुए दीपकों वाले छिद्रित मटके, रखकर नृत्य करती हैं ?

(A) चांग नृत्य
(B) घुड़ला नृत्य
(C) गींदड़ नृत्य
(D) अग्नि नृत्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न

21. In which of the following folk dance forms of Jodhpur, do women carry perforated pots, on their heads, with burning lamps inside ?

(A) Chang dance
(B) Ghudla dance
(C) Gindar dance
(D) Agni dance
(E) Question not attempted

22. लूणी नदी अंततः निम्नलिखित में से किसमें जाकर मिलती है ?

(A) हिंद महासागर
(B) चंबल नदी
(C) कच्छ का रण
(D) बंगाल की खाड़ी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

22. The Luni River ultimately drains into which of the following ?

(A) Indian Ocean
(B) Chambal River
(C) Rann of Kutch
(D) Bay of Bengal
(E) Question not attempted

23. भारत के उत्तर-पश्चिम रेलवे मंडल (ज़ोन) का मुख्यालय, निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?

(A) जोधपुर
(B) जयपुर
(C) अजमेर
(D) बीकानेर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

23. The headquarters of the North-Western Railway Zone of India, is located at which of the following places ?

(A) Jodhpur
(B) Jaipur
(C) Ajmer
(D) Bikaner
(E) Question not attempted

24. राजस्थान के जनजातीय समुदायों में प्रचलित लोक-कला, जिसमें सुई जैसे औज़ार से सजावट के लिए त्वचा में काले रंग को डाला जाता है, उसे कहते हैं -

(A) कावड़
(B) वील
(C) मांडना
(D) गोदना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

24. The folk art-form prevalent among tribal communities in Rajasthan, wherein a needle-like tool is used to insert black pigment into the skin for adornment, is called :

(A) Kavad
(B) Veel
(C) Mandana
(D) Godana
(E) Question not attempted

25. निम्नलिखित में से कौन-सी एशिया की दूसरी सबसे बड़ी कृत्रिम झील है ?

(A) डीडवाना झील
(B) जयसमंद झील
(C) सांभर झील
(D) कोलायत झील
(E) अनुत्तरित प्रश्न

25. Which of the following is the second-largest artificial lake in Asia ?

(A) Didwana Lake
(B) Jaisamand Lake
(C) Sambhar Lake
(D) Kolayat Lake
(E) Question not attempted

26. राजस्थान में, जिला स्तर पर कौन-सा सर्वोच्च न्यायिक न्यायालय है ?

(A) उच्च न्यायालय
(B) जिला एवं सत्र न्यायालय
(C) न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय
(D) परिवार न्यायालय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

27. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रोटीन-पाचन एंजाइम है ?

(A) ट्रिप्सिन
(B) लाइपेज़
(C) माल्टेज़
(D) एमाइलेज
(E) अनुत्तरित प्रश्न

28. निम्नलिखित में **सूची-1** में दिए गए भौतिक गुणों का **सूची-2** में दी गई उन धातुओं से मिलान करें जो उन गुणों को प्रदर्शित करती हैं :

| **सूची-1 (भौतिक गुण)** | | **सूची-2 (धातुएँ)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | कमरे के तापमान पर तरल | (i) | सोडियम (Na) |
| (b) | जिसे आसानी से चाकू से काटा जा सकता है | (ii) | पारा (Hg) |
| (c) | ऊष्मा का उत्कृष्ट चालक | (iii) | सीसा (Pb) |
| (d) | ऊष्मा का कुचालक | (iv) | चाँदी (Ag) |

निम्नलिखित विकल्पों में से **सही** उत्तर चुनें :

(A) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)
(B) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(iv)
(C) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(D) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(E) अनुत्तरित प्रश्न

29. निम्नलिखित में से, किस पर्यटन स्थल को, "पंच गौरव" पहल के तहत, जयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है ?

(A) आमेर दुर्ग
(B) जंतर मंतर
(C) नाहरगढ़ किला
(D) हवा महल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

26. The highest judicial court, at the district level, in Rajasthan is :

(A) High court
(B) District and Sessions court
(C) Court of the Judicial Magistrate
(D) Family court
(E) Question not attempted

27. Which of the following is a protein-digesting enzyme ?

(A) Trypsin
(B) Lipase
(C) Maltase
(D) Amylase
(E) Question not attempted

28. Match the physical properties given in **List-1** to the metals that exhibit those properties given in **List-2** :

| **List-1 (Physical Properties)** | | **List-2 (Metals)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Liquid at room temperature | (i) | Sodium (Na) |
| (b) | Can be easily cut with a knife | (ii) | Mercury (Hg) |
| (c) | Excellent conductor of heat | (iii) | Lead (Pb) |
| (d) | Poor conductor of heat | (iv) | Silver (Ag) |

Choose the **correct** answer from the options given below :

(A) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(iv)
(B) (a)-(i), (b)-(iii), (c)-(ii), (d)-(iv)
(C) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)
(D) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iv), (d)-(iii)
(E) Question not attempted

29. Which of the following tourist spots has been selected under the "Panch Gaurav" initiative to represent the Jaipur district ?

(A) Amber Fort
(B) Jantar Mantar
(C) Nahargarh Fort
(D) Hawa Mahal
(E) Question not attempted

30. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में लिंगानुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या) सबसे कम दर्ज किया गया था ?

(A) जालोर
(B) प्रतापगढ़
(C) धौलपुर
(D) डूंगरपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

30. Which of the following districts of Rajasthan, recorded the lowest sex ratio, (number of females per 1000 males) in the Census of India 2011 ?

(A) Jalore
(B) Pratapgarh
(C) Dholpur
(D) Dungarpur
(E) Question not attempted

31. राजस्थान के किस स्मारक को, 'झुंझुनू का हवा महल' कहा जाता है ?

(A) लालगढ़ महल
(B) चित्तर महल
(C) रंग महल
(D) खेतड़ी महल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

31. Which monument of Rajasthan is known as the 'Hawa Mahal of Jhunjhunu' ?

(A) Lalgarh Palace
(B) Chittar Palace
(C) Rang Mahal
(D) Khetri Mahal
(E) Question not attempted

32. राजस्थान में कौन से मेले को 'आदिवासियों का कुंभ' भी कहा जाता है ?

(A) भर्तृहरि मेला
(B) बाणेश्वर मेला
(C) डिग्गी कल्याणजी मेला
(D) शीतला माता मेला
(E) अनुत्तरित प्रश्न

32. Which fair in Rajasthan is also called the 'Kumbh of the Tribals' ?

(A) Bhartrihari Fair
(B) Baneshwar Fair
(C) Diggi Kalyanji Fair
(D) Sheetla Mata Fair
(E) Question not attempted

33. राजस्थान सरकार के निम्नलिखित विभागों में से कौन-सा विभाग राज्य की सभी नगरपालिकाओं (शहरी स्थानीय निकायों) के लिए निगरानी और समन्वय का कार्य करता है ?

(A) गृह विभाग, राजस्थान सरकार
(B) प्रमुख संचालन विभाग, राजस्थान सरकार
(C) स्थानीय स्वशासन विभाग, राजस्थान सरकार
(D) नगरपालिका विभाग, राजस्थान सरकार
(E) अनुत्तरित प्रश्न

33. Which of the following departments of the government of Rajasthan performs monitoring and coordination function for all the municipal bodies (Urban Local Bodies) of the state ?

(A) Department of Home Affairs, Government of Rajasthan
(B) Department of Chief Operations, Government of Rajasthan
(C) Department of Local Self Government, Government of Rajasthan
(D) Department of Municipalities, Government of Rajasthan
(E) Question not attempted

34. निम्नलिखित में से, कौन शेखावाटी ख्याल, के विख्यात कलाकार थे ?

(A) उगम राज
(B) जयदयाल सोनी
(C) नानूराम
(D) लच्छी राम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

34. Who among the following, was a famous artist, of the Shekhawati Khyal ?

(A) Ugam Raj
(B) Jaydayal Soni
(C) Nanuram
(D) Lachhi Ram
(E) Question not attempted

35. वे पदार्थ जो नीले लिटमस पेपर को लाल कर देते हैं, ________ प्रकृति के होते हैं।
**सबसे उपयुक्त** उत्तर चुनें।
(A) जलविरागी
(B) उदासीन
(C) अम्लीय
(D) क्षारीय
(E) अनुत्तरित प्रश्न

35. Substances that turn blue litmus paper to red are ________ in nature.
Choose the **most appropriate** answer.
(A) hydrophobic
(B) neutral
(C) acidic
(D) basic
(E) Question not attempted

36. नदियों द्वारा निक्षेपित अवसादों से बनने वाली मिट्टी को कहा जाता है :
(A) लेटराइट मिट्टी
(B) जलोढ़ मिट्टी
(C) लाल मिट्टी
(D) काली मिट्टी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

36. The soil type formed due to sediment deposition by rivers is known as :
(A) Laterite soil
(B) Alluvial soil
(C) Red soil
(D) Black soil
(E) Question not attempted

37. मार्च 1949 में, 'वृहत्तर (ग्रेटर) राजस्थान' का गठन, निम्नलिखित में से किन राज्यों के, एकीकरण के बाद हुआ था ?
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें:
(A) अलवर, धौलपुर, करौली और भरतपुर
(B) जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर और बीकानेर
(C) टोंक, डूंगरपुर, किशनगढ़ और शाहपुरा
(D) बांसवाड़ा, कोटा, बूंदी और झालावाड़
(E) अनुत्तरित प्रश्न

37. Greater Rajasthan was formed in March 1949, after the integration of which of the following states ?
Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :
(A) Alwar, Dholpur, Karauli and Bharatpur
(B) Jaipur, Jodhpur, Jaisalmer and Bikaner
(C) Tonk, Dungarpur, Kishangarh and Shahpura
(D) Banswara, Kota, Bundi and Jhalawar
(E) Question not attempted

38. एक बल्लेबाज ने 21वीं पारी में 84 रन बनाए, जिससे उसका औसत 2 रन बढ़ गया। उसका 21 पारियों का औसत है :
(A) 42 रन
(B) 46 रन
(C) 48 रन
(D) 44 रन
(E) अनुत्तरित प्रश्न

38. A batsman makes 84 runs in his $21^{st}$ innings and thus increases his average by 2 runs. His average of 21 innings is :
(A) 42 runs
(B) 46 runs
(C) 48 runs
(D) 44 runs
(E) Question not attempted

39. राजस्थान राज्य बजट 2025 के अनुसार, राजस्थान के ________ में एक घड़ियाल पालन केंद्र स्थापित किया जाएगा।
(A) कुम्भलगढ़
(B) कोटा
(C) करौली
(D) सवाई माधोपुर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

39. According to the Rajasthan State Budget 2025, a Gharial Rearing Centre, will be established at ________ in Rajasthan.
(A) Kumbhalgarh
(B) Kota
(C) Karauli
(D) Sawai Madhopur
(E) Question not attempted

40. निम्नलिखित में से किसने हल्दीघाटी के युद्ध में अकबर की सेना का नेतृत्व किया था ?
(A) राजा मान सिंह
(B) राजा अमर सिंह
(C) राणा उदय सिंह
(D) राजा टोडर मल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

41. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य में "अगस्त्यमाला बायोस्फीयर रिजर्व" स्थित है ?
(A) आंध्र प्रदेश
(B) केरल
(C) असम
(D) कर्नाटक
(E) अनुत्तरित प्रश्न

42. अरावली पर्वतमाला भारत के निम्नलिखित में से किन राज्यों / केंद्रशासित प्रदेश से होकर गुजरती है ?
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें:
(A) राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश
(B) राजस्थान, दिल्ली और गुजरात
(C) राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात
(D) राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश
(E) अनुत्तरित प्रश्न

43. अप्रैल 2025 में, किसे भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) का उप-गवर्नर नियुक्त किया गया और वे इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला बनीं ?
(A) पूनम गुप्ता
(B) संतोष अग्रवाल
(C) ज्योति शर्मा
(D) अंजू राठी राणा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

44. 8 से 10 जनवरी, 2025 के दौरान, 18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन, कहाँ आयोजित किया गया था ?
(A) बेंगलुरु, कर्नाटक
(B) भुवनेश्वर, ओडिशा
(C) अहमदाबाद, गुजरात
(D) नई दिल्ली
(E) अनुत्तरित प्रश्न

45. वह गुण जो F1 पीढ़ी में स्वयं को प्रकट करता है, वह होता है :
(A) प्रभावी
(B) उत्परिवर्ती
(C) संकर
(D) अप्रभावी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

40. Who among the following led Akbar's forces in the Battle of Haldighati ?
(A) Raja Man Singh
(B) Raja Amar Singh
(C) Rana Udai Singh
(D) Raja Todar Mal
(E) Question not attempted

41. In which of the following Indian state is the "Agasthyamala Biosphere Reserve" located ?
(A) Andhra Pradesh
(B) Kerala
(C) Assam
(D) Karnataka
(E) Question not attempted

42. The Aravalli Range runs through which of the following States / Union Territory of India ?
Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :
(A) Rajasthan, Uttar Pradesh and Madhya Pradesh
(B) Rajasthan, Delhi and Gujarat
(C) Rajasthan, Madhya Pradesh and Gujarat
(D) Rajasthan, Delhi and Madhya Pradesh
(E) Question not attempted

43. In April 2025, who has been appointed as the Deputy Governor of the Reserve Bank of India and is also the first woman to hold this position ?
(A) Poonam Gupta
(B) Santosh Agarwal
(C) Jyoti Sharma
(D) Anju Rathi Rana
(E) Question not attempted

44. Where was the $18^{th}$ Pravasi Bhartiya Divas Convention held, during January 8 to 10, 2025 ?
(A) Bengaluru, Karnataka
(B) Bhubaneshwar, Odisha
(C) Ahmedabad, Gujarat
(D) New Delhi
(E) Question not attempted

45. The trait that expresses itself in F1 generation is :
(A) Dominant
(B) Mutant
(C) Hybrid
(D) Recessive
(E) Question not attempted

46. महाराणा प्रताप हवाई अड्डा, निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है ?
(A) डबोक
(B) खण्डेला
(C) जयपुर
(D) पुष्कर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

46. In which of the following places, is the Maharana Pratap Airport located ?
(A) Dabok
(B) Khandela
(C) Jaipur
(D) Pushkar
(E) Question not attempted

47. संघ सूची (Union List) भारतीय संविधान की किस अनुसूची का हिस्सा है ?
(A) $7^{th}$
(B) $9^{th}$
(C) $11^{th}$
(D) $6^{th}$
(E) अनुत्तरित प्रश्न

47. The Union List is part of which schedule of the Constitution of India ?
(A) $7^{th}$
(B) $9^{th}$
(C) $11^{th}$
(D) $6^{th}$
(E) Question not attempted

48. एक हौज साधारणतया 9 घंटे में भर जाता है, लेकिन तली में दरार के कारण उसे भरने में 6 घंटे अधिक लगे। पूरे भरे हुए हौज को वह दरार कितने घंटे में खाली कर देगी ?
(A) 23
(B) $22\frac{1}{2}$
(C) $24\frac{1}{2}$
(D) 20
(E) अनुत्तरित प्रश्न

48. A cistern is normally filled in 9 hours but takes 6 hours more to fill because of a leak in its bottom. If the cistern is full, the leak will empty it in how many hours ?
(A) 23
(B) $22\frac{1}{2}$
(C) $24\frac{1}{2}$
(D) 20
(E) Question not attempted

49. भारत के संविधान का, कौन-सा अनुच्छेद धर्म, नस्ल, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव के निषेध से संबंधित है ?
(A) अनुच्छेद 21A
(B) अनुच्छेद 15
(C) अनुच्छेद 40
(D) अनुच्छेद 3
(E) अनुत्तरित प्रश्न

49. Which Article of the Constitution of India, deals with prohibition of discrimination on the grounds of religion, race, caste, sex or place of birth ?
(A) Article 21A
(B) Article 15
(C) Article 40
(D) Article 3
(E) Question not attempted

50. राजस्थान में, जल संसाधन संरक्षण के लिए, अपने प्रयासों के कारण, निम्नलिखित में से किसे 'जलपुरुष' के रूप में जाना जाता है ?
(A) गोपाल सिंह
(B) राजेन्द्र सिंह
(C) प्रताप सिंह
(D) अर्जुन लाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

50. Who among the following, is known as the 'Waterman' for his efforts, in water resource conservation in Rajasthan ?
(A) Gopal Singh
(B) Rajendra Singh
(C) Pratap Singh
(D) Arjun Lal
(E) Question not attempted

51. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान की जनसंख्या घनत्व पिछली जनगणना की तुलना में :

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें :

(A) घटा है
(B) उतना ही रहा
(C) बढ़ा है
(D) किसी भी तरीके से कहा नहीं जा सकता
(E) अनुत्तरित प्रश्न

51. According to the 2011 Census, the Rajasthan's population density in comparison to the previous census has :
Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :

(A) decreased
(B) remained the same
(C) increased
(D) there is no way to tell
(E) Question not attempted

52. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी गंभीर नदी की सहायक नदी है ?

(A) कालीसिंध
(B) सेसा
(C) सुकड़ी
(D) मोरेल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

52. Which of the following is a tributary of the Gambhir River ?

(A) Kalisindh
(B) Sesa
(C) Sukri
(D) Morel
(E) Question not attempted

53. डिबगिंग क्या है ?
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें :

(A) सॉफ्टवेयर में त्रुटियों का पता लगाना और उन्हें ठीक करने की प्रक्रिया
(B) सॉफ्टवेयर को तैनात करने की प्रक्रिया
(C) सॉफ्टवेयर स्थापित करने की प्रक्रिया
(D) कोड लिखने की प्रक्रिया
(E) अनुत्तरित प्रश्न

53. What is debugging ?
Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :

(A) The process of finding and fixing errors in software
(B) The process of deploying software
(C) The process of installing software
(D) The process of writing code
(E) Question not attempted

54. राजस्थान के किस शहर को, 'घंटियों का शहर' भी कहा जाता है ?

(A) झालरापाटन
(B) झुंझुनू
(C) जैसलमेर
(D) जालौर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

54. Which city of Rajasthan, is also known as the 'City of Bells' ?

(A) Jhalrapatan
(B) Jhunjhunu
(C) Jaisalmer
(D) Jalore
(E) Question not attempted

55. राजस्थान के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में (क्षेत्रफल की दृष्टि से) वन आवरण सबसे कम है ?
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें:

(A) चूरू
(B) जैसलमेर
(C) अजमेर
(D) भीलवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

55. Which of the following regions of Rajasthan has the lowest forest cover (area-wise) ?
Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :

(A) Churu
(B) Jaisalmer
(C) Ajmer
(D) Bhilwara
(E) Question not attempted

56. निम्नलिखित में से कौन-सा मिट्टी के क्षरण का लक्षण **नहीं** माना जाता है ?
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें:

(A) अधिक मृदा लवणता
(B) मृदा अपरदन में बढ़ोत्तरी
(C) उच्च रासायनिक विषाक्तता
(D) अधिक ह्यूमस मात्रा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

56. Which of the following is **not** considered as a sign of soil degradation ?
Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :

(A) High soil salinity
(B) Increased soil erosion
(C) High chemical toxicity
(D) High humus content
(E) Question not attempted

57. "सिद्धमुख प्रमुख सिंचाई परियोजना" मुख्य रूप से राजस्थान के निम्नलिखित जिलों को लाभ पहुँचाती है :

(A) जोधपुर और पाली
(B) कोटा और झालावाड़
(C) टोंक और बूंदी
(D) हनुमानगढ़ और चूरू
(E) अनुत्तरित प्रश्न

57. The "Sidhmukh Major Irrigation Project" primarily benefits the following districts of Rajasthan :

(A) Jodhpur and Pali
(B) Kota and Jhalawar
(C) Tonk and Bundi
(D) Hanumangarh and Churu
(E) Question not attempted

58. किशनगढ़ चित्रकला शैली की उस प्रसिद्ध चित्रकृति (पेंटिंग) का नाम बताइए, जिसे एरिक डिकिन्सन द्वारा 'भारत की मोनालिसा' कहा गया है ?

(A) बूंदी रागमाला
(B) ढोला-मारू
(C) रूपमती-बाज़ बहादुर
(D) बणी-ठणी
(E) अनुत्तरित प्रश्न

58. Name the iconic painting of the Kishangarh School, acclaimed as the 'Monalisa of India' by Eric Dickinson.

(A) Bundi Ragamala
(B) Dhola Maru
(C) Roopmati-Baz Bahadur
(D) Bani-Thani
(E) Question not attempted

59. राजस्थान की पहली महिला मंत्री कौन थीं ?

(A) वसुन्धरा राजे
(B) यशोदा देवी
(C) दिया कुमारी
(D) कमला बेनीवाल
(E) अनुत्तरित प्रश्न

59. Who was the first woman Minister in Rajasthan ?

(A) Vasundhara Raje
(B) Yashoda Devi
(C) Diya Kumari
(D) Kamla Beniwal
(E) Question not attempted

60. निम्नलिखित में से कौन-सी, सूखी पत्तियों के निपटान की, सबसे पर्यावरण अनुकूल विधि है ?
नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें:

(A) खाद बनाना
(B) जलाना
(C) प्लास्टिक की थैलियों में भरकर कचरे के डिब्बे में फेंकना
(D) नदी में फेंकना
(E) अनुत्तरित प्रश्न

60. Among the following, the most eco-friendly method for disposal of dry leaves is :
Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :

(A) Composting
(B) Burning
(C) Stuffing into plastic bags and throwing in the garbage bin
(D) Dumping in river
(E) Question not attempted

**61.** निम्नलिखित शब्दों में से शुद्ध शब्दों का चयन कीजिए :

(a) मुहुर्त

(b) वीवाहीत

(c) शूर्पणखा

(d) पैतृक

(e) स्वसथ

नीचे दिये गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (a) और (e)

(B) केवल (c) और (d)

(C) केवल (b) और (e)

(D) केवल (a) और (b)

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**62.** जनता को सरकारी निर्णयों से अवगत कराने हेतु इनमें से किस पत्र-रूप का प्रयोग किया जाता है ?

(A) कार्यालय आदेश

(B) अनुस्मारक

(C) प्रेस-विज्ञप्ति

(D) ज्ञापन

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**63.** 'कृतज्ञ' शब्द के लिए सही वाक्यांश है :

(A) जो किए गए उपकार को न मानता हो

(B) जिस पर बहुत उपकार किए गए हों

(C) जो नया आया हुआ हो

(D) जो किए गए उपकार को मानता हो

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**64.** 'सहानुभूति' शब्द में उपसर्ग है :

(A) सह

(B) सहा

(C) साह

(D) स

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**65.** **सूची-I** में दिए गए तत्सम शब्दों का मिलान **सूची-II** में दिए गए उनके समानार्थक तद्भव शब्दों से कीजिए :

| **सूची-I** (तत्सम) | | **सूची-II** (तद्भव) | |
|---|---|---|---|
| (a) | गोधूम | (i) | नौ |
| (b) | नव | (ii) | आँसू |
| (c) | अश्रु | (iii) | गेहूँ |
| (d) | सूचि | (iv) | सुई |

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

(A) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

(B) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iv)

(C) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(iv), (d)-(i)

(D) (a)-(iv), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iii)

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**66.** 'मासिक' में प्रयुक्त प्रत्यय है :

(A) इक

(B) अक

(C) मास

(D) सिक

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**67.** 'तूती बोलना' मुहावरे का सही अर्थ है :

(A) अड़चन डालना

(B) तंग करना

(C) बुरी राय देना

(D) धाक जमाना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**68.** निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य आसन्न भूतकाल का उदाहरण है ?

(A) श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे ।

(B) चाँद अभी-अभी निकला है ।

(C) मनोज कल पुस्तकालय गया था ।

(D) बस तीव्र गति से दौड़ रही थी ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**69.** 'अंधे के हाथ बटेर लगना' लोकोक्ति का अर्थ है :

(A) अंधे व्यक्ति को बटेर पक्षी का मिल जाना ।

(B) अंधे व्यक्ति से बड़ा नुकसान हो जाना ।

(C) अयोग्य व्यक्ति को बिना प्रयास के फल प्राप्त हो जाना।

(D) अंधे व्यक्ति को प्रशंसा मिलना ।

(E) अनुत्तरित प्रश्न

70. ‘जगन्नाथ’ का सन्धि-विच्छेद होगा :
(A) जगन + नाथ
(B) जग + अनाथ
(C) जगत् + नाथ
(D) जग + नाथ
(E) अनुत्तरित प्रश्न

71. ‘ADVERTISEMENT’ शब्द की हिन्दी है :
(A) विज्ञापन
(B) निविदा
(C) उद्‌घोषणा
(D) पृष्ठांकन
(E) अनुत्तरित प्रश्न

72. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(A) मेरे को संगीत सुननी पसंद है ।
(B) मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखी ।
(C) काशी नगरी भारतीय संस्कृति का केन्द्र रही है ।
(D) मैं गाने की कसरत कर रहा हूँ ।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

73. ‘श्रीगणेश’ शब्द का विलोम शब्द होगा :
(A) मध्यश्री
(B) प्रारम्भश्री
(C) इतिश्री
(D) राधाश्री
(E) अनुत्तरित प्रश्न

74. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें अकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है ?
(A) आज हमने खीरे खाए।
(B) रोहन रो रहा है।
(C) नेहा कपड़े धोती है।
(D) राम पत्र लिख रहा है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

75. ‘दरवाजे पर कौन है ?’
उपरोक्त वाक्य में सर्वनाम का कौन-सा भेद है ?
(A) संबंधवाचक सर्वनाम
(B) परिमाणवाचक सर्वनाम
(C) निश्चयवाचक सर्वनाम
(D) प्रश्नवाचक सर्वनाम
(E) अनुत्तरित प्रश्न

76. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा ‘कमल’ का पर्यायवाची **नहीं** है ?
(A) जलज
(B) सरोज
(C) पंकज
(D) मनुज
(E) अनुत्तरित प्रश्न

77. निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द विदेशज **नहीं** है ?
(A) आलपीन
(B) टिकट
(C) अक्ल
(D) लोटा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

78. निम्नलिखित में से कौन-सी व्यक्तिवाचक संज्ञा **नहीं** है ?
(A) गंगा
(B) हिमालय
(C) धनवान
(D) रामचरितमानस
(E) अनुत्तरित प्रश्न

79. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य गुणवाचक विशेषण का उदाहरण **नहीं** है ?
(A) महंगाई में सेर-भर दूध भी खरीदना मुश्किल है।
(B) मुझे लाल-लाल टमाटर बहुत पसंद हैं।
(C) नीलिमा के पास चमकीले कपड़े हैं।
(D) कश्मीरी सेब लाल होता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न

80. निम्नलिखित में से गुण सन्धि का उदाहरण है :
(A) यद्यपि
(B) महोत्सव
(C) दिग्गज
(D) अभीष्ट
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**81.** Which of the following is the **correct** transformation of the given Assertive sentence into a Negative sentence ?

I am happy with what I am earning now.

(A) I am happy, I am not earning now.

(B) I am not happy that I am not earning now.

(C) I will be happy if I earn more than now.

(D) I am not happy with what I am earning now.

(E) Question not attempted

**82.** Choose the **most appropriate** Hindi word for the word 'MEMO'.

(A) अर्ध-सरकारी पत्र

(B) शपथ पत्र

(C) ज्ञापन

(D) प्रस्तुति

(E) Question not attempted

**83.** Choose the **most appropriate** option to translate the given sentence from English to Hindi :

Three armed men barged into the manager's cabin.

(A) तीन हथियारबंद आदमी मैनेजर के कार्यकक्ष में आते थे।

(B) तीन हथियारबंद आदमी मैनेजर के कार्यकक्ष में घुसने वाले थे।

(C) तीन हथियारबंद आदमी मैनेजर के कार्यकक्ष में जबरदस्ती घुस गए।

(D) मैनेजर ने तीन हथियारबंद आदमियों को अपने कार्यकक्ष में दाखिला दिया।

(E) Question not attempted

**84.** Choose the **most appropriate** option to convert the given sentence from Direct Speech to Indirect Speech :

He asked, "What were you reading yesterday night ?"

(A) He asked what I had been reading the previous night.

(B) He asked what I have been reading the previous night.

(C) He asked the previous night what I was reading.

(D) He asked what was I reading the previous night.

(E) Question not attempted

**85.** Choose the **most appropriate** English translation of the given sentence from the options provided :

"मेरे विचार से तुम्हें यहाँ जल्द-से-जल्द आ जाना चाहिए।"

(A) I think so you come quickly to here.

(B) I think that you should come here as soon as possible.

(C) I think that you must arrive to this place quick.

(D) In my thinking, you come fast here.

(E) Question not attempted

**86.** Fill in the blanks in the given sentence by choosing the **most appropriate** words from the options provided :

You may play with my pet _______, but my _______boy, do not cause any harm to it.

(A) dare, deer

(B) dire, dear

(C) deer, dear

(D) dear, deer

(E) Question not attempted

**87.** Fill in the blank in the sentence given below by choosing the **most appropriate** answer from the options provided :

_______ adults know how to conduct themselves in public places.

(A) Much

(B) Many

(C) The few

(D) Many an

(E) Question not attempted

**88.** Identify the grammatically **most appropriate** sentence from the options given below :

(A) I have seen never such a beautiful sunset.

(B) I have never seen such a beautiful sunset.

(C) I seen never such a beautiful sunset.

(D) I never have seen such beautiful sunset.

(E) Question not attempted

**89.** Which of the following is the **correct** transformation of the given Interrogative sentence into an Assertive sentence ?

Isn't virtue its own reward ?

(A) Virtue is its own reward.

(B) Virtue may be its own reward.

(C) Virtue is rewarding!

(D) Virtue is not its own reward.

(E) Question not attempted

**90.** Fill in the blank by choosing the **correct** option :

I saw Rohit _______ a concert last Saturday.

(A) on

(B) off

(C) at

(D) since

(E) Question not attempted

**91.** Fill in the blank by choosing the **most appropriate** answer from the options given below :

He hinted that he _______ some pocket money.

(A) want

(B) wanted

(C) wanting

(D) had want

(E) Question not attempted

**92.** Choose the **correct** Passive form of the given sentence from the options provided :

The lawyer gave Arun the details of his uncle's will.

(A) The lawyer is giving Arun the details of his uncle's will.

(B) Arun was got the details of his uncle's will from the lawyer.

(C) Arun was given the details of his uncle's will by the lawyer.

(D) The lawyer will give Arun the details of his uncle's will.

(E) Question not attempted

**93.** For the given Assertive sentence, choose the **correct** Exclamatory sentence from the options provided :

It looks very odd.

(A) How odd it looks!

(B) It really is odd.

(C) Odd it is!

(D) Looks very odd, right ?

(E) Question not attempted

**94.** Choose the sentence with the **correct** usage of Punctuation from the options given below :

(A) Narayan Singh; my coach will teach me new football techniques.

(B) Narayan Singh - my new coach will teach me new football techniques.

(C) Narayan Singh my new coach, will teach me, new football techniques.

(D) Narayan Singh, my coach, will teach me new football techniques.

(E) Question not attempted

**95.** For the given sentence, choose the **most appropriate** answer from the options provided :

Air-pollution is _______ serious problem in Delhi these days.

(A) the

(B) an

(C) some

(D) a

(E) Question not attempted

96. निम्नलिखित में से किस राजस्थानी गायिका ने, मांड शैली के लोकगायन को, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोकप्रियता दिलाई ?

(A) गवरी देवी

(B) मोती देवी

(C) हरकाबाई

(D) मीठीबाई

(E) अनुत्तरित प्रश्न

96. Which one of the following Rajasthani singer, made the Maand style of folk singing popular, at the national and international level ?

(A) Gavari Devi

(B) Moti Devi

(C) Harkabai

(D) Meethibai

(E) Question not attempted

97. जब आप Gmail पर एक ईमेल लिखते हैं, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प वहाँ उपलब्ध **नहीं** होता है ?

(A) अटैच फाइल

(B) इमोजी जोड़ें

(C) पुनः भेजें

(D) टेक्स्ट फॉर्मेटिंग का विकल्प

(E) अनुत्तरित प्रश्न

97. While composing an email on Gmail, which of the following options is **not** present ?

(A) Attach file

(B) Insert emoji

(C) Resend

(D) Text formatting options

(E) Question not attempted

98. राजस्थान में रामपुरिया हवेली किस स्थान पर स्थित है ?

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें:

(A) उदयपुर

(B) बीकानेर

(C) झुंझुनू

(D) जोधपुर

(E) अनुत्तरित प्रश्न

98. In which place of Rajasthan do we find the Rampuria Haveli ?

Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :

(A) Udaipur

(B) Bikaner

(C) Jhunjhunu

(D) Jodhpur

(E) Question not attempted

99. किस राजपूत शासक ने मुगल सम्राट औरंगजेब के खिलाफ विद्रोह किया था ?

नीचे दिए गए विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त** उत्तर का चुनाव करें :

(A) राणा प्रताप

(B) राणा राज सिंह

(C) राजा मान सिंह

(D) राणा सांगा

(E) अनुत्तरित प्रश्न

99. Which Rajput ruler revolted against Mughal Emperor Aurangzeb ?

Choose the **most appropriate** answer from the options provided below :

(A) Rana Pratap

(B) Rana Raj Singh

(C) Raja Man Singh

(D) Rana Sanga

(E) Question not attempted

**100.** सौरव ने दो वस्तुएँ क्रमशः ₹ 680 और ₹ 820 में खरीदीं। उसने पहली वस्तु 5% हानि के साथ और दूसरी वस्तु 15% लाभ के साथ बेची। इस सारे लेनदेन में उसका लाभ अथवा हानि प्रतिशत ज्ञात करें। (दशमलव के 2 स्थान तक सही)

(A) लाभ, 5.93%
(B) लाभ, 5.86%
(C) हानि, 5.12%
(D) लाभ, 10.25%
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**100.** Saurav bought two items for ₹ 680 and ₹ 820 respectively. He sold the first item with 5% loss and the second item with 15% profit. Find his profit or loss percentage in the whole transaction. (correct to 2 decimal places)

(A) profit, 5.93%
(B) profit, 5.86%
(C) loss, 5.12%
(D) profit, 10.25%
(E) Question not attempted

**101.** भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से किस जिले में साक्षरता दर सबसे अधिक थी ?

(A) झुंझुनू
(B) सीकर
(C) बारां
(D) श्रीगंगानगर
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**101.** As per the Census of India 2011, from the given options which of the following districts, recorded the highest literacy rate in Rajasthan ?

(A) Jhunjhunu
(B) Sikar
(C) Baran
(D) Sri Ganganagar
(E) Question not attempted

**102.** A, B और C ने क्रमशः ₹ 36,000, ₹ 40,000 और ₹ 48,000 का निवेश करके साझेदारी शुरू की। वर्ष के अंत में ₹ 62,000 के कुल लाभ में, A और C के लाभांशों में क्या अंतर है ?

(A) ₹ 5,000
(B) ₹ 6,000
(C) ₹ 6,280
(D) ₹ 4,000
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**102.** A, B and C entered into a partnership by investing ₹ 36,000, ₹ 40,000 and ₹ 48,000 respectively. At the end of the year, what is the difference between the shares of A and C out of the total profit of ₹ 62,000?

(A) ₹ 5,000
(B) ₹ 6,000
(C) ₹ 6,280
(D) ₹ 4,000
(E) Question not attempted

**103.** निम्नलिखित में से कौन-सा फूल राजस्थान का 'राज्य पुष्प' कहलाता है ?

(A) रोहिड़ा
(B) कनेर
(C) कमल
(D) रेगिस्तानी गुलाब
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**103.** Which one of the following flowers is known as the 'State Flower' of Rajasthan ?

(A) Rohida
(B) Kaner
(C) Lotus
(D) Desert Rose
(E) Question not attempted

**104.** राजस्थान बजट 2025-26 के अनुसार, मक्का के लिए उत्कृष्टता केंद्र, राजस्थान के किस नगर में स्थापित किया जाएगा ?

(A) भरतपुर
(B) बीकानेर
(C) बाड़मेर
(D) बांसवाड़ा
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**104.** As per the Rajasthan budget 2025-26, the Centre of Excellence for Maize, will be established in which town of Rajasthan ?

(A) Bharatpur
(B) Bikaner
(C) Barmer
(D) Banswara
(E) Question not attempted

105. निम्नलिखित में से कौन-सा, एक वेब ब्राउज़र **नहीं** है ?

(A) सफारी

(B) ओपेरा

(C) गूगल क्रोम

(D) कोम्पोज़र

(E) अनुत्तरित प्रश्न

105. Which of the following is **not** a Web Browser ?

(A) Safari

(B) Opera

(C) Google Chrome

(D) KompoZer

(E) Question not attempted

106. सीमा क्षेत्रों के विकास के लिए, राजस्थान सरकार द्वारा राज्य बजट 2025-26 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-से कार्यक्रम शुरू करने को कहा गया है ?

(A) मुख्यमंत्री सीमावर्ती क्षेत्र विकास परियोजना

(B) मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम

(C) मुख्यमंत्री जैसलमेर उत्थान कार्यक्रम

(D) मुख्यमंत्री जैसलमेर विकास योजना

(E) अनुत्तरित प्रश्न

106. For the development of border areas, which of the following programs, is said to be launched by the Rajasthan Government, as per the State Budget 2025-26 ?

(A) Mukhyamantri Seema-Varti Kshetra Vikas Pariyojana

(B) Mukhyamantri Thar Seema Kshetra Vikas Karyakram

(C) Mukhyamantri Jaisalmer Utthan Karyakram

(D) Mukhyamantri Jaisalmer Vikas Yojana

(E) Question not attempted

107. MS PowerPoint में डुप्लिकेट स्लाइड बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शॉर्टकट कुंजी का उपयोग किया जाता है ?

(A) Ctrl + Shift + N

(B) Ctrl + Alt + D

(C) Ctrl + Alt + N

(D) Ctrl + Shift + D

(E) अनुत्तरित प्रश्न

107. Which of the following shortcut key, is used for creating a duplicate slide, in MS PowerPoint ?

(A) Ctrl + Shift + N

(B) Ctrl + Alt + D

(C) Ctrl + Alt + N

(D) Ctrl + Shift + D

(E) Question not attempted

108. राजस्थान से, किसने नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में, भाग लिया ?

(A) वित्त मंत्री

(B) मुख्यमंत्री

(C) शिक्षा मंत्री

(D) राज्यपाल

(E) अनुत्तरित प्रश्न

108. Who participated from Rajasthan, in the $10^{th}$ Governing Council Meeting, of the NITI Aayog ?

(A) Finance Minister

(B) Chief Minister

(C) Education Minister

(D) Governor

(E) Question not attempted

**109.** सीतामाता वन्यजीव अभयारण्य राजस्थान के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्थित है ?

(A) बीकानेर और नागौर

(B) अलवर और भरतपुर

(C) सीकर और झुंझुनू

(D) प्रतापगढ़ और चित्तौड़गढ़

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**109.** The Sitamata Wildlife Sanctuary is situated in which of the following regions of Rajasthan ?

(A) Bikaner and Nagaur

(B) Alwar and Bharatpur

(C) Sikar and Jhunjhunu

(D) Pratapgarh and Chittorgarh

(E) Question not attempted

**110.** प्रमुख त्रिपुरा सुंदरी मंदिर, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस गाँव में स्थित है ?

(A) रणकपुर

(B) देशनोक

(C) मंडावा

(D) उमराई

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**110.** In which of the following villages of Rajasthan is the main Tripura Sundari Temple located ?

(A) Ranakpur

(B) Deshnok

(C) Mandawa

(D) Umrai

(E) Question not attempted

**111.** मध्यकाल और उसके बाद के समय में, राजस्थान में, निम्नलिखित में से कौनसी-पगड़ी की शैली **नहीं** थी ?

(A) खंजर शाही

(B) शिवशाही

(C) पोमचा

(D) अमरशाही

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**111.** Which of the following was **not** a style of turban in Rajasthan, during the medieval times and beyond ?

(A) Khanjar Shahi

(B) Shivshahi

(C) Pomcha

(D) Amarshahi

(E) Question not attempted

**112.** राजस्थान सरकार के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री (जून 2025 के अनुसार) कौन हैं ?

(A) मदन दिलावर

(B) गजेन्द्र सिंह

(C) जोगाराम पटेल

(D) किरोड़ी लाल

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**112.** Who is the Minister of School Education Department under the Government of Rajasthan (as of June 2025) ?

(A) Madan Dilawar

(B) Gajendra Singh

(C) Jogaram Patel

(D) Kirodi Lal

(E) Question not attempted

**113.** राम, अजय और असलम के मासिक वेतन $\frac{1}{15} : \frac{1}{10} : \frac{1}{6}$ के अनुपात में हैं। यदि उनके वेतनों में क्रमशः 10%, 10% और 20% की वृद्धि की जाती है, तो उनके वेतनों में अनुपात होगा :

(A) 15 : 10 : 48
(B) 22 : 33 : 60
(C) 22 : 30 : 55
(D) 23 : 33 : 60
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**113.** The monthly salaries of Ram, Ajay and Aslam are in the ratio $\frac{1}{15} : \frac{1}{10} : \frac{1}{6}$. If their salaries are increased by 10%, 10% and 20% respectively, then their salaries will be in the ratio :

(A) 15 : 10 : 48
(B) 22 : 33 : 60
(C) 22 : 30 : 55
(D) 23 : 33 : 60
(E) Question not attempted

**114.** बांसवाड़ा, डूंगरपुर और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में बोली जाने वाली बोली को क्या कहा जाता है ?

(A) वागड़ी
(B) ढूंढाड़ी
(C) हाड़ौती
(D) मेवाती
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**114.** The dialect spoken in the areas of Banswara, Dungarpur and nearby hilly areas of Rajasthan is called :

(A) Wagdi
(B) Dhundhari
(C) Hadoti
(D) Mewati
(E) Question not attempted

**115.** यदि दो संख्याएँ 5 : 6 के अनुपात में हैं और उनका LCM 210 है, तो उनका HCF होगा :

(A) 11
(B) 7
(C) 14
(D) 10
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**115.** If two numbers are in the ratio 5 : 6 and their LCM is 210, then their HCF is :

(A) 11
(B) 7
(C) 14
(D) 10
(E) Question not attempted

**116.** 128 का पाँच-आठवाँ, 80 के चार-पाँचवें से कितना प्रतिशत अधिक है ?

(A) 25%
(B) 30%
(C) 35%
(D) 20%
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**116.** By what percent is five–eighth of 128, is more than four-fifth of 80 ?

(A) 25%
(B) 30%
(C) 35%
(D) 20%
(E) Question not attempted

**117.** ₹ 2,50,000 पर 15 महीनों का 12% वार्षिक दर से चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात करें, जब ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित हो रहा है।

(A) ₹ 39,300
(B) ₹ 46,802
(C) ₹ 39,327
(D) ₹ 38,400
(E) अनुत्तरित प्रश्न

**117.** Find the compound interest on ₹ 2,50,000 for 15 months at 12% per annum compounded half yearly.

(A) ₹ 39,300
(B) ₹ 46,802
(C) ₹ 39,327
(D) ₹ 38,400
(E) Question not attempted

**118.** भारत के संविधान के अनुसार, प्रत्येक भारतीय नागरिक का यह ________ है कि वह संविधान का पालन करे, साथ ही भारत के राष्ट्र ध्वज और राष्ट्रीय गान का सम्मान करे।

(A) भ्रातृभाव अधिकार

(B) मौलिक कर्तव्य

(C) न्यायिक अधिकार

(D) मौलिक अधिकार

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**118.** According to the Constitution of India, it is the __________ of every citizen to abide by the Constitution, to respect the National Flag and the National Anthem of India.

(A) Fraternal Right

(B) Fundamental Duty

(C) Judicial Right

(D) Fundamental Right

(E) Question not attempted

**119.** कोई नाव धारा के अनुकूल (अनुप्रवाह) कुछ दूरी 1 घंटे में तय करती है, जबकि लौटने में उसे $1\frac{1}{2}$ घंटा लगता है। यदि धारा की गति 7 km/h है, तो शांत जल में नाव की गति km/h में क्या है ?

(A) $28\frac{1}{2}$

(B) 24

(C) 35

(D) 21

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**119.** A boat covers a certain distance downstream in 1 hour, while it comes back in $1\frac{1}{2}$ hours. If the speed of the stream is 7 km/h, then what is the speed of the boat in still water in km/h ?

(A) $28\frac{1}{2}$

(B) 24

(C) 35

(D) 21

(E) Question not attempted

**120.** A ने एक वस्तु ₹ 800 में खरीदी और उसे 10% लाभ के साथ B को बेच दिया। B ने उसे 15% लाभ के साथ C को बेच दिया। C ने उस वस्तु के लिए कितना मूल्य चुकाया ?

(A) ₹ 976

(B) ₹ 1,000

(C) ₹ 1,012

(D) ₹ 920

(E) अनुत्तरित प्रश्न

**120.** A bought an item for ₹ 800 and sold it with 10% profit to B. B sold it with 15% profit to C. How much C paid for the item ?

(A) ₹ 976

(B) ₹ 1,000

(C) ₹ 1,012

(D) ₹ 920

(E) Question not attempted

- o 0 o -

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

परीक्षा का नाम : **चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीधी भर्ती–2024 परीक्षा कोडः DS22**

**परीक्षा की दिनांकः 19.09.2025**

**प्रारम्भिक उत्तर कुंजी**

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 1 | C |
| 2 | A |
| 3 | A |
| 4 | D |
| 5 | A |
| 6 | D |
| 7 | C |
| 8 | B |
| 9 | C |
| 10 | B |
| 11 | B |
| 12 | A |
| 13 | C |
| 14 | D |
| 15 | C |
| 16 | A |
| 17 | A |
| 18 | A |
| 19 | C |
| 20 | C |
| 21 | B |
| 22 | C |
| 23 | B |
| 24 | D |
| 25 | B |
| 26 | B |
| 27 | A |
| 28 | D |
| 29 | A |
| 30 | C |

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 31 | D |
| 32 | B |
| 33 | C |
| 34 | C |
| 35 | C |
| 36 | B |
| 37 | B |
| 38 | D |
| 39 | D |
| 40 | A |
| 41 | B |
| 42 | B |
| 43 | A |
| 44 | B |
| 45 | A |
| 46 | A |
| 47 | A |
| 48 | B |
| 49 | B |
| 50 | B |
| 51 | C |
| 52 | B |
| 53 | A |
| 54 | A |
| 55 | A |
| 56 | D |
| 57 | D |
| 58 | D |
| 59 | D |
| 60 | A |

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 61 | B |
| 62 | C |
| 63 | D |
| 64 | A |
| 65 | B |
| 66 | A |
| 67 | D |
| 68 | B |
| 69 | C |
| 70 | C |
| 71 | A |
| 72 | C |
| 73 | C |
| 74 | B |
| 75 | D |
| 76 | D |
| 77 | D |
| 78 | C |
| 79 | A |
| 80 | B |
| 81 | D |
| 82 | C |
| 83 | C |
| 84 | A |
| 85 | B |
| 86 | C |
| 87 | B |
| 88 | B |
| 89 | A |
| 90 | C |

| प्रश्न की क्रम संख्या | सही उत्तर का विकल्प संख्या |
|---|---|
| 91 | B |
| 92 | C |
| 93 | A |
| 94 | D |
| 95 | D |
| 96 | A |
| 97 | C |
| 98 | B |
| 99 | B |
| 100 | A |
| 101 | A |
| 102 | B |
| 103 | A |
| 104 | D |
| 105 | D |
| 106 | B |
| 107 | D |
| 108 | B |
| 109 | D |
| 110 | D |
| 111 | C |
| 112 | A |
| 113 | B |
| 114 | A |
| 115 | B |
| 116 | A |
| 117 | C |
| 118 | B |
| 119 | C |
| 120 | C |

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

RajKaj Ref No.: 18429316